POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य/ प्रेस विज्ञप्ति – दिनांक 10.07.2024

1.थाना सैक्टर 63, नोएडा पुलिस द्वारा 04 चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किये गये 960/रूपये, चोरी का 01 गल्ला एवं 02 अवैध चाकू व घटना में प्रयुक्त ऑटो बरामद।

घटना का संक्षिप्त विवरण-- दिनांक 08.07.2024 को वादी द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र के अधार पर अज्ञात चोर द्वारा दिनांक 07/08.07.2024 की रात्रि में वादी की मिठाई की दुकान का शटर उठाकर गल्ले से लगभग 10,000/रूपये चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना सैक्टर 63, नोएडा पर दिया गया। प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना सैक्टर 63, नोएडा पर मु0अ0सं0 294/2024 धारा 305 बीएनस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया।

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 10.7.2024 को थाना सेक्टर 63 पुलिस द्वारा 1-आशीष उर्फ टिंकू पुत्र अमर सिंह 2-योगेश पुत्र दयाराम 3-करण पुत्र राजू 4-सुड्डू पुत्र मंचूडा राय को लोकल इंटेलीजेंस एवं बीट पुलिसिंग के आधार पर हिंडन नदी से पहले गिट्टी प्लांट के सामने से गाजियाबाद जाने वाले अण्डरपास के पास से चोरी के 960/रूपये, चोरी के 01 गल्ले, घटना में प्रयुक्त ऑटो नं0 यूपी 16 सीटी 8538 एवं 02 चाकू नाजायज सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण उपरोक्त से चोरी के माल की बरामदगी के आधार पर धारा 317(2) बीएनएस व अभियुक्त आशीष एवं योगेश से अवैध चाकू की बरामदगी के आधार पर धारा 4/25 शस्त्र अधिनियम की वृद्धि की गयी। अतः उक्त अभियोग की अग्रिम विवेचना अन्तर्गत धारा 305/317(2) बीएनएस व 4/25 शस्त्र अधिनियम में की जायेगी।

पंजीकृत अभियोग का विवरण--

1. मु0अ0सं0 294/2024 धारा 305/317(2) बीएनएस व धारा 4/25 शस्त्र अधिनियम थाना सैक्टर 63, नोएडा

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण--

1. आशीष उर्फ टिंकू पुत्र अमर सिंह मूल निवासी ग्राम ढूँढरा, थाना सिंधपुरा, जनपद कासगंज व हाल पता नरेश यादव का मकान, गली न. 9, बहरामपुर, गाजियाबाद उम्र 19 वर्ष
2. योगेश पुत्र दयाराम मूल निवासी ग्राम ढूँढरा, थाना सिंधपुरा, जनपद कासगंज व हाल पता नरेश यादव का मकान, गली न. 9, बहरामपुर, गाजियाबाद उम्र 19 वर्ष
3. करण पुत्र राजू मूल नि0 ग्राम ढूँढरा, थाना सिंधपुरा, जिला कासगंज व हाल पता नरेश यादव का मकान, गली न. 9, बहरामपुर, जनपद गाजियाबाद उम्र 19 वर्ष
4. सुड्डू पुत्र मंचूडा राय मूल नि0 डरिहया, थाना अंगारहाट जिला समस्तीपुर, बिहार व हाल पता नरेश यादव का मकान, गली न. 9, बहरामपुर, जनपद गाजियाबाद उम्र 21 वर्ष

बरामदगी का विवरण--

1. चोरी किये गये 960 रूपये
2. दो नाजायज चाकू
3. एक गल्ला (वादी की दुकान का)

4. घटना में प्रयुक्त ऑटो सीजशुदा नं0 यूपी 16 सीटी 8538